सत्यमेव जयते
Ministry of Education
Government of India

Ministry of Environment, Forest and Climate Change

# पर्यावरण संरक्षण गतिविधि

## द्वारा आयोजित

# राष्ट्रीय स्कूल पर्यावरण प्रतियोगिता

## पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार

## एवं

## शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा समर्थित

## महत्वपूर्ण तिथियां

**स्कूल के पंजीकरण की तिथियां: 15 दिसंबर 2021 से 26 जनवरी-2022 तक।**

**प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की तिथियां: 06 जनवरी से 26 जनवरी-2022 तक।**

**परिणाम घोषणा की तिथि- 07 फरवरी 2022**

**महोदय,**

वैश्विक जलवायु संकट वर्तमान समय की सबसे महत्वपूर्ण समस्या है। अब दुनिया के सभी देशों द्वारा इस जलवायु संकट से निपटने के लिए गंभीर प्रयास हो रहे हैं। यदि पर्यावरण के इस खतरे को नहीं टाला जा सका तो संपूर्ण विश्व विनाशकारी क्षति का सामना करने को विवश होगा।

पर्यावरण संरक्षण गतिविधि  (PSG), पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए चलाया जा रहा एक राष्ट्रीय अभियान है। हमें यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ने राष्ट्रीय स्कूल पर्यावरण प्रतियोगिता** को समर्थन देते हुए एक पत्र [(F.No. 6/8/2019-MC (Part)] प्रेषित किया है, **एवं शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने राष्ट्रीय स्कूल पर्यावरण प्रतियोगिता** को समर्थन देते हुए एक पत्र [(F.No. 17-5/2021-UT-1] प्रेषित किया है।

## पर्यावरण संरक्षण गतिविधि (PSG) के कार्यक्षेत्र

**इसके अंतर्गत कार्य करने के लिए निम्नलिखित विषय निर्धारित किए गए हैं।**

- जलप्रबंधन;
- प्लास्टिक और नान-बायोडिग्रेडेबल सामग्री के उपयोग का उन्मूलन;
- पेड़ों की कटाई को हतोत्साहित करना और वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करना;
- प्राकृतिक संसाधनों के पुनर्चक्रण एवं पुन: उपयोग पर जोर देना;
- जलवायु नियंत्रण उपायों के प्रति जागरूकता पैदा करना;
- पर्यावरण संरक्षण के विषय को लोकविमर्श में लाना।

## कार्यक्रम का उद्देश्य

1. जलवायु संकट के उभरते खतरों की जटिलता को गहराई से समझने के लिए छात्रों में जागरूकता पैदा करना।
2. पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करने के लिए व्यावहारिक कौशल प्राप्त करना।
3. पृथ्वी को हरित और सुरक्षित ग्रह बनाने के लिए छात्रों की सक्रिय और उत्साही भागीदारी को प्रोत्साहित करना।

# कार्य योजना - राष्ट्रीय स्कूल पर्यावरण प्रतियोगिता

राष्ट्र के भविष्य - हमारे प्यारे छात्रों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हम पर्यावरण संबंधी चिंताओं और उनके संभावित समाधान से सम्बंधित मुद्दों पर एक **राष्ट्रीय स्कूल पर्यावरण प्रतियोगिता** का आयोजन कर रहे हैं।

एक जिम्मेदार संस्थान के रूप में हम आपको इस नेक पहल की सफलता के लिए एक सक्रिय राजदूत बनने के लिए आमंत्रित करते हैं।

1. **प्रतियोगिता समूह:**

   **समूह A. योग्यता: कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के छात्र**

   **समूह B. योग्यता: कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के छात्र**

   **समूह C. योग्यता: कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के छात्र**

2. **महत्वपूर्ण तिथियां:**

   **स्कूल के पंजीकरण की तिथियां:** 15 **दिसंबर** 2021 **से** 26 **जनवरी** 2022 **तक।**

   **प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की तिथियां:** 06 **जनवरी से** 26 **जनवरी** 2022 **तक।**

   **परिणाम घोषणा की तिथि-** 07 फरवरी 2022

**3. पंजीकरण प्रक्रिया**

- सबसे पहले प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए विद्यालय को खुद को पंजीकृत करना होगा।
  विद्यालय के पंजीकरण के लिए लिंक:
  https://forms.gle/4DrJE5DSqdKE3Tm1A

  **छात्रों द्वारा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए लिंक:**
  https://ecomitram.page.link/aispc-2122

- **ऑनलाइन परिणाम के लिए लिंक:** https://ecomitram.page.link/aispc-2122

  नोट: लिंक केवल 7 फरवरी-2022 को ही एक्टिव रहेगा!

- क्विज प्रतियोगिता ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।

- परीक्षा केवल हिंदी और अंग्रेजी भाषा में आयोजित की जाएगी।

4. **पंजीकरण शुल्क:** पंजीकरण शुल्क के रूप में छात्रों को विद्यालय में एक इकोब्रिक जमा करनी होगी।
   - इकोब्रिक बनाने के लिए पॉलिथीन, रैपर और पाउच को 1/0.5 लीटर प्लास्टिक की बोतल में भरा जा सकता है। कृपया निम्न वीडियो लिंक पर अपलोड की गई इकोब्रिक बनाने की वीडियो देखें: https://www.youtube.com/watch?v=lNgAW4VRcKo

**5. पुरस्कार**

- प्रत्येक भागीदार विद्यालय को पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा ई-प्रमाण पत्र दिया जाएगा।
- प्रत्येक भागीदार छात्र को पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा ई-प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

**धन्यवाद**


| अनुष्का कजबजे | **देरामाराम विश्नोई** | संदीप बालियान |
| --- | --- | --- |
| **संयोजक** | **सह-संयोजक** | **सह-संयोजक** |
| 9881108661 | 8107236666 | 9810078426 |

**यदि आपको कोई और स्पष्टीकरण की जरूरत है तो कृपया संपर्क करें!**


| | | |
|---|---|---|
| पूर्णिमा नायर | अदिति शर्मा | नेहा पटेल |
| 7016549217 | 7065870356 | 7053936395 |
| तनु शर्मा | शुष्मा कुमारी | शिवानी |
| 9971493244 | 9643469415 | 9871913160 |

E-mail Id: query.psg@gmail.com